an>

Title: Need to release funds for the cancer patients in Punjab.

श्री शेर सिंह गुबाया (फिरोजपुर): अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे एक बहुत ही सेन्सेटिव इश्यू पर बोलने का मौका दिया, धन्यवाद। पंजाब में एक जानलेवा बीमारी जिसका नाम सुनते ही पेशेंट मौत की तरफ दौड़ने लगता है। कैंसर का रोग पंजाब में बहुत फैल चुका है। खासकर मालवा एरिया के हर गांव में पांच-दस पेशेंट कैंसर के मिलते हैं। भटिंडा से बीकानेर एक ट्रेन जाती है, उसका नाम ही कैंसर ट्रेन रखा गया है। मैं आपके माध्यम से यह बताना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री रिलीफ फंड मिल रहा है, उससे काफी लोगों को फायदा हुआ है। एक महीने में दो केस निकलते हैं। मेरा आपसे निवेदन है कि जितनी भी कैंसर के पेशेंट की फाइल कम्पलीट होकर आती है, उनको इमिडिएटली फंड रिलीज किया जाए क्योंकि फंड हॉस्पीटल को जाना है न कि पेशेंट के पास जाना है। मेरा इस पर निवेदन है कि इस पर गौर करके इन पेसेंटों को पूरा फंड दिया जाए।

माननीय अध्यक्ष: श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री शेर सिंह गुबाया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।